दैनिक भास्कर
DainikBhaskar.com

184 बोतल नकली शराब जब्त, तस्कर फरार / 184 बोतल नकली शराब जब्त, तस्कर फरार

Bhagalpur News - उत्पाद विभाग पुलिस ने शुक्रवार की सुबह जीरोमाइल के निकट बंगाल से सुपौल जा रही 184 बोतल नकली विदेशी शराब जब्त करने...

May 26, 2018, 02:05 AM IST

उत्पाद विभाग पुलिस ने शुक्रवार की सुबह जीरोमाइल के निकट बंगाल से सुपौल जा रही 184 बोतल नकली विदेशी शराब जब्त करने में सफलता पाई है। सभी शराब चौपहिया वाहन से लाई जा रही थी। लेकिन चेकिंग के दौरान गाड़ी में सवार शराब कारोबारी भागने में सफल रहे। उत्पाद पुलिस ने शराब से लदी चौपहिया वाहन को जब्त कर लिया है। बरामद दस्तावेज के आधार पर गाड़ी सुपौल जिले के फुलवाना वार्ड-11 के रहने वाले भूपेन्द्र यादव के नाम पर बताई जा रही है। जब्त में रायल स्टेज ब्रांड की 750 एमएल की 35 बोतल और 375 एमएल की 149 बोतल शराब पाई गई है।

जब्त नकली अंग्रेजी शराब के साथ उत्पाद पुलिस के अधिकारी।

रॉयल स्टैग बोतल में ओसी ब्लू के कैप

उत्पाद विभाग ने जो शराब जब्त की है वह नकली बताई जा रही है। शराब में रायल स्टेग के रैपर लगे हैं। लेकिन बोतल के कैप ओसी ब्लू ब्रांड के पाए गए है। शराब के साथ दर्जनों स्टीकर भी बरामद किए गए है। स्टीकर को देखकर प्रतीत होता है कि लोकल स्तर पर शराब की पैकिंग की गई है। उत्पाद अधीक्षक लाला अजय कुमार सुमन का भी मानना है कि जब्त शराब नकली हैं। इस तरह के शराब के सेवन से कभी भी कोई बड़ी घटना घट सकती है। जब्ती के दौरान उत्पाद विभाग के सब इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार, रंजीत कुमार सहित अन्य पुलिस के जवान शामिल थे।

एसएसबी ने जब्त की 535 बोतल शराब

जोगबनी | एसएसबी 56वीं वाहिनी के कुशमाहा बीओपी के जवान एवं जोगबनी पुलिस ने शुक्रवार की सुबह 535 बोतल शराब जब्त करने में सफलता पाई है। जब्ती में एसएसबी जवानों के अलावा टाइगर मोबाइल के अजय यादव आदि शामिल थे।

Source: https://www.bhaskar.com/news/latest-araria-news-020502-1800326.html